समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# RRB Group D Admit Card 2026 आज हो सकता है जारी, 3 अगस्त से शुरू होंगी CBT-1 परीक्षाएं

Sanket Morankar Published on 31 Jul 2026




रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) आज **Group D Admit Card 2026** जारी कर सकता है। जिन उम्मीदवारों ने **CEN 09/2025** के तहत आयोजित होने वाली **CBT-1 परीक्षा** के लिए आवेदन किया है, वे अपना एडमिट कार्ड संबंधित क्षेत्रीय RRB की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड अनिवार्य होगा।

आरआरबी ग्रुप डी भर्ती परीक्षा का आयोजन **3 अगस्त से 6 अगस्त**, **9 अगस्त से 14 अगस्त**, **17 अगस्त से 21 अगस्त** तथा **25 अगस्त 2026** तक विभिन्न चरणों में किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि परीक्षा से पहले अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सभी जानकारियों की सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

उम्मीदवार नीचे दिए गए आसान चरणों का पालन करके अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं—

- सबसे पहले अपने क्षेत्रीय **RRB की आधिकारिक वेबसाइट** पर जाएं।
- होमपेज पर **CEN 09/2025 Group D Admit Card** लिंक पर क्लिक करें।
- अपना **रजिस्ट्रेशन नंबर** और **पासवर्ड/जन्मतिथि** दर्ज करें।
- लॉगिन करने के बाद एडमिट कार्ड स्क्रीन पर दिखाई देगा।
- इसे डाउनलोड करें और भविष्य के लिए प्रिंटआउट सुरक्षित रखें।

RRB Group D Admit Card 2026 में उम्मीदवारों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी—

- उम्मीदवार का नाम
- रोल नंबर

- रजिस्ट्रेशन नंबर
- फोटो और हस्ताक्षर
- माता/पिता का नाम
- श्रेणी (Category)
- जन्म तिथि
- परीक्षा की तारीख
- परीक्षा की शिफ्ट और समय
- परीक्षा केंद्र का पता
- परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश

यदि एडमिट कार्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि दिखाई देती है, तो उम्मीदवारों को तुरंत संबंधित क्षेत्रीय RRB कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर निम्नलिखित दस्तावेज साथ ले जाने होंगे—

- RRB Group D Admit Card 2026 का प्रिंटआउट
- आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य वैध फोटो पहचान पत्र
- यदि निर्देशों में उल्लेख हो तो पासपोर्ट साइज फोटो

बिना एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र के किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

इस भर्ती अभियान के तहत रेलवे भर्ती बोर्ड **32,438 लेवल-1 पदों** पर नियुक्तियां करेगा। इनमें **पॉइंट्समैन, ट्रैक मेटेंनर, असिस्टेटं, असिस्टेटं लोको शेड, असिस्टेटं ऑपरेशंस, असिस्टेटं TL एवं AC** सहित कई पद शामिल हैं।

RRB Group D भर्ती में उम्मीदवारों का चयन निम्नलिखित चरणों के आधार पर किया जाएगा—

- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)
- फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (PET)
- दस्तावेज सत्यापन (Document Verification)
- मेडिकल परीक्षा

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से पहले एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसमें दी गई सभी जानकारी और निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, ताकि परीक्षा के दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.